दिनांक- 29.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 109/26

महोबा पुलिस

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन में "शुक्रवार की परेड" की सलामी लेकर किया गया निरीक्षण, अनुशासन व एकरूपता पर दिया गया विशेष बल...।

आज दिनांक 29.05.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित "शुक्रवार की परेड" की सलामी ली गई। इस परेड का उद्देश्य पुलिस बल में अनुशासन, एकरूपता, शारीरिक दक्षता एवं टीम भावना को और अधिक सुदृढ़ करना रहा।

परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारियों की ड्रिल का गहन निरीक्षण किया गया। कदमताल, ड्रिल मूवमेंट, टर्नआउट एवं एकरूपता की बारीकी से समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

परेड में जनपद महोबा के विभिन्न थानों एवं शाखाओं में नियुक्त पुलिसकर्मियों ने सहभागिता करते हुए अनुशासन एवं समर्पण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आदेश कक्ष में उपस्थित होकर गार्द रजिस्टरों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ड्यूटी व्यवस्था, गार्द डिटेल एवं अभिलेखों के रखरखाव की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को सतर्कता, समयबद्धता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि नियमित परेड से पुलिस बल में अनुशासन, एकजुटता, शारीरिक फिटनेस एवं कार्यकुशलता का विकास होता है, जो कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं आमजन को बेहतर एवं प्रभावी पुलिस सेवा प्रदान करने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

दिनांक- 29.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 110/26

महोबा पुलिस

सर्किल - कुलपहाड़, थाना - अजनर

महिला संबंधी अपराधों के प्रति महोबा पुलिस की सख्त कार्रवाई, अपहृता बरामद कर 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के कुशल नेतृत्व में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में संचालित महिला शक्ति फेज-5 एवं एंटी रोमियो अभियान के तहत महिला संबंधी अपराधों के प्रति प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अपहृता/गुमशुदा की बरामदगी एवं प्रकरणों के निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

उक्त अभियान के अंतर्गत थानाध्यक्ष अजनर श्री सुभाष चन्द्र द्वारा गठित टीम उ0नि0 ऋषी शुक्ला, उ0नि0 राजेश कुमार मय हमराह कां0 महेन्द्र कुमार मौर्य, म0कां0 प्रियंका गौतम व रि0म0कां0 आयुषी सिंह द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 28/2026 धारा 137(2) बीएनएस से संबंधित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया तथा घटना में संलिप्त 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.कुश पाठक पुत्र संतोष कुमार पाठक उम्र करीब 19 वर्ष निवासी 64/200 हरवंस मोहाल, थाना हरवंश मोहाल, जनपद कानपुर नगर 2.अनूप कश्यप पुत्र राजू कश्यप उम्र करीब 26 वर्ष निवासी 64/49 गड़रिया मोहाल, थाना हरवंश मोहाल, जनपद कानपुर नगर को ग्राम मवइया, थाना अजनर जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों की गिरफ्तारी उपरांत मुकदमा उपरोक्त में नियमानुसार धारा 65(1)/87 बीएनएस तथा 4(2),16/17 पॉक्सो एक्ट एवं 3(2)(v), 3(2)(v)क एससी/एसटी एक्ट की बढ़ोत्तरी करते हुए अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

महोबा पुलिस द्वारा महिला संबंधी अपराधों के प्रति *जीरो टॉलरेंस नीति* के तहत सतत कठोर कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त –

1.कुश पाठक पुत्र संतोष कुमार पाठक उम्र करीब 19 वर्ष निवासी 64/200 हरवंस मोहाल, थाना हरवंश मोहाल, जनपद कानपुर नगर

2.अनूप कश्यप पुत्र राजू कश्यप उम्र करीब 26 वर्ष निवासी 64/49 गड़रिया मोहाल, थाना हरवंश मोहाल, जनपद कानपुर नगर

बरामदगी/गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ0नि0 ऋषी शुक्ला
2.उ0नि0 राजेश कुमार
3.कां0 महेन्द्र कुमार मौर्य
4.म0कां0 प्रियंका गौतम
5.रि0म0कां0 आयुषी सिंह

दिनांक- 29.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 111/26

महोबा पुलिस

सर्किल -चरखारी, थाना - श्रीनगर

थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 29.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री जयचन्द्र सिंह द्वारा गठित उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा मय हमराह रि0कां0 अंकित चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 37/2026 धारा 137(2)/65(1)/87 बीएनएस व 4(2) पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वाँछित अभियुक्त प्रदीप उर्फ ललू पुत्र सियाराम उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम कमालपुर थाना रुरा जनपद कानपुर देहात को बेलाताल तिराहा कस्बा श्रीनगर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 देवेन्द्र कुमार ओझा
2. रि0कां0 अंकित चौबे

गिरफ्तार अभियुक्त -

प्रदीप उर्फ ललू पुत्र सियाराम उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम कमालपुर थाना रुरा जनपद कानपुर देहात